# प्रगति करना (PATHWAY FORWARD)

## Lake Washington School District K-1 परिवारों के लिए गाइड










Lake Washington School District

**K-1 परिवारों के लिए** Lake Washington School District **गाइड** उन कई तरीकों को उजागर करने के लिए तैयार की गई है, जिनसे हम विद्यार्थियों तथा स्टाफ को अधिक से अधिक सुरक्षित रखने के लिए अपनी संचालन संबंधी पद्धतियों को सुधार रहे हैं क्योंकि हम स्कूलों को दुबारा खोल रहे हैं।

हम अधिक विद्यार्थियों को कैंपस में वापस लाने के लिए योजनाओं पर निरंतर काम कर रहे हैं और इन योजनाओं के तैयार होते ही हम, परिवारों तथा स्टाफ को इनके बारे में अतिरिक्त जानकारी प्रदान करेंगे।

इस गाइड को पढ़ने और सभी विद्यार्थियों तथा स्टाफ की सुरक्षा के लिए हमारे साथ साझेदारी करने के लिए धन्यवाद।

हमारी प्रगति करना योजना के बारे में नए अपडेट्स और जानकारी के लिए, www.lwsd.org/Pathway-Forward पर जाएं।

पिछली बार अपडेट किया: 2/1/2021

## फरवरी में शुरू करते हुए, हम हमारे सबसे छोटे शिक्षार्थियों को कक्षा में वापस लाना शुरू करेंगे (1-21-2021 से):

- वीरवार, 18 फरवरी: किंडरगार्टन और पहले ग्रेड के विद्यार्थी
- मार्च के मध्य के शुरू में: ग्रेड 2-3 के विद्यार्थी
- मार्च के मध्य के अंत में: ग्रेड 4-5 के विद्यार्थी
- TBD: मिडल स्कूल के विद्यार्थी (ग्रेड 6-8)
- TBD: मिडल स्कूल के विद्यार्थी (ग्रेड 9-12)




## निदेशक सिद्धांत

निम्निलिखित निदेशक सिद्धांत और प्रतिबद्धताएं, हमारे काम का केन्द्र बिंदु हैं।

- विद्यार्थियों, स्टाफ और परिवारों के स्वास्थ्य और तंदरुस्ती की रक्षा करना।
- जाति, योग्यता, सामाजिक-आर्थिक स्थिति और भाषा से संबंधित असमानताओं पर अग्रसक्रिय तौर पर ध्यान देना, जो महामारी की वजह से बढ़ गई हैं।
- प्रत्येक विद्यार्थी को शिक्षित करना।
- प्रत्येक विद्यार्थी के साथ सक्रिय, निरंतर और अर्थपूर्ण संबंधों को सुनिश्चित करना।
- हमारे परिवारों को शामिल करना।

रिटर्न टू स्कूल टास्क फोर्स और कार्यसमूहों ने लचीली योजनाएं विकसित करने पर काम किया है, जो:

- स्वास्थ्य एजेंसी के निर्देश के मुताबिक कोरोना वायरस को फैलने को खत्म और न्यूनतम करना;
- स्टाफ और विद्यार्थियों को सुरक्षित रखना और सामाजिक-भावनात्मक तंदरुस्ती और आपसी बातचीत को सहयोग करना
- प्रत्येक विद्यार्थी की प्रशिक्षण तक भागीदारी वाली पहुंच को प्राथमिकता देना;
- स्टाफ और विद्यार्थियों को उन तरीकों से प्रशिक्षित होने के लिए वापस आने में सक्षम बनाना, जो इस वर्ष हमारे स्कूल बंद होने के मुकाबले काफी बेहतर हों;
- परिवारों को सहयोग करना।

**विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लिए, सुरक्षित और स्वस्थ स्कूल और डिस्ट्रिक्ट फैसिलिटीज बनाना, हमारी मुख्य प्राथमिकता है। Lake Washington School District ने हमारे स्कूल समुदाय के लिए कई प्रकार के निर्णय लेने के लिये Seattle/King County Public Health के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी में विद्यार्थियों, परिवारों और स्टाफ के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए गहन बातचीत और सलाह शामिल है।**




**नीचे कुछ उपाय दिए गए हैं, जिन्हें हम सभी एक-दूसरे को सुरक्षित रखने के लिए अपना सकते हैं:**

### ठीक रहें:

- नियमित रूप से अपने हाथ धोएं (हर बार कम से कम 20 सेकंड तक)।
- दूरी रखें (छह फुट शारीरिक दूरी रखें)।
- अपना मास्क पहनें।
- यदि आप बीमार हैं तो घर पर ही रहें।

### रोज़ाना स्वास्थ्य जांच:

- परिवारों को स्कूल आने से पहले अपने विद्यार्थियों और अन्य पारिवारिक सदस्यों की जांच करनी चाहिए।
- कर्मचारी भी स्कूल आने से पहले खुद की और अपने परिवारों की जांच करेंगे।
- यदि इस बारे में कोई चिंता है कि आप या आपका सगा पारिवारिक सदस्य बीमार है या उसे COVID के संभावी लक्षण हैं, तो **घर पर ही रहें।**

### जिम्मेदारीपूर्ण सूचना देना:

- यदि आप, या आपके किसी सगे पारिवारिक सदस्य की COVID-19 जांच पॉजिटिव आई है, COVID-19 टेस्ट परिणाम का इंतजार कर रहे हैं, या COVID-19 के किसी पॉजिटिव केस के सीधे संपर्क में आए हैं, तो **कृपया इसकी सूचना दें।**
- कर्मचारियों को पॉजिटिव परिणाम की सूचना तुरंत अपनी बिल्डिंग के COVID-19 सुपरवाइजर को देनी चाहिए।
- परिवारों को विद्यार्थियों को पॉजिटिव परिणाम की सूचना तुरंत स्कूल नर्स या स्कूल प्रशासक को देनी चाहिए।

**Centers for Disease Control (CDC) के मुताबिक, COVID-19 के लक्षणों में शामिल हैं:**

- 100.4 या इससे अधिक बुखार
- खांसी
- रुक-रुक कर सांस आना या सांस लेने में मुश्किल
- कंपकंपी
- थकान
- मांसपेशियों में दर्द या शरीर में दर्द
- सिरदर्द
- स्वाद या गंध महसूस न होना
- गले में दर्द
- नाक घुटना या नाक बहना
- जी मिचलाना या उल्टी
- दस्त और/अथवा
- नई बीमारी के अन्य लक्षण, जो पहले से मौजूद स्थिति से संबंधित न हों।

**Lake Washington School District (LWSD) की COVID सुरक्षा योजना, Emergency Coordination Center (ECC), और पॉजिटिव केस प्रतिक्रिया टीम हमारी अबादी में केसों पर तुरंत प्रतिक्रिया करने, अगले उपाय और सहयोग प्रदान करने, सुरक्षा को बढ़ाने, निजता कायम करने और संपूर्ण क्वारंटाइन के दौरान निरंतर प्रशिक्षण को सुनिश्चित करने के लिए उपलब्ध है।**

## चेहरा ढकना




### सभी कैंपस और बसों में मास्क आवश्यक हैं

चेहरा ढकने से यह आपको COVID-19 से बचाता है और वायरस को दूसरों में फैलने से रोकता है। सभी कर्मचारी, विद्यार्थी और बिल्डिंग में आने वाले, Washington State Department of Health और डिस्ट्रिक्ट की सुरक्षा योजना के मुताबिक निरंतर सुरक्षात्मक कपड़े से चेहरा ढकेंगे। चेहरा ढकना, सभी सार्वजनिक अंदरूनी जगहों और बाहरी स्थानों पर आवश्यक है, जब लोग छह फुट दूर न रह पाएं।

इसमें स्थिति के अनुसार और डिस्ट्रिक्ट की सुरक्षा योजना में दी गई प्रक्रिया के मुताबिक छूट मिल सकती है। स्टाफ, चेहरा ढकने के वैकल्पिक उपायों के संबंध में अपने बिल्डिंग COVID-19 सुपरवाइजर के साथ काम करेगा।

LWSD, सभी कर्मचारियों और विद्यार्थियों के लिए कपड़े और डिस्पोजेबल मास्क प्रदान करेगा।

स्टाफ और विद्यार्थी अपने खुद के मास्क पहन सकते हैं, यदि वे नीचे सूचीबद्ध Center for Disease Control (CDC) के निर्देशों को पूरा करते हों। यदि कोई विद्यार्थी या स्टाफ का सदस्य मास्क लाना भूल जाए, गलत जगह रख दे या उसका मास्क गुम हो जाए, तो बाकी दिन में उपयोग के लिए डिस्पोजेबल 3-प्लाई का मास्क उपलब्ध होगा।




### CDC कपड़े के मास्क की व्याख्या निम्न प्रकार करती है:

- **मुंह और नाक पर कपड़े का बना मास्क लगाना।**
- **जो पूरी तरह से चेहरे के सामने की तरफ लेकिन अरामदेह तरीके से फिट हो।**
- **वह फीतों या कान के इर्दगिर्द सुरक्षित तरीके से लगा हो।**
- **उसमें कपड़े की कई परतें हों।**
- **उसमें से बिना बाधा के सांस ली जा सके।**
- **उसे बिना खराब हुए या आकार में बदलाव आए बिना धोकर मशीन में सुखाया जा सके।**

*CDC ने पाया है कि गेटर्स, बान्दाना और स्कार्फ, कपड़े के बने फेस मास्क के तौर पर रक्षात्मक नहीं हैं। इसलिए, वे चेहरा ढकने के रूप में स्वीकार्य नहीं हैं।*

चेहरा ढकने, निजी स्वच्छता और संचार रोकथाम की विधियों को लागू करने के लिए साइन बोर्ड लगाए गए हैं।

### कक्षा: विद्यार्थियों और स्टाफ के लिए कक्षा में चेहरा ढकना आवश्यक है।


- **बड़े स्थान:**
  - विद्यार्थियों और स्टाफ के लिए कैफेटेरिया, जिम, खेल के मैदान, बाहरी और खुले स्थानों पर चेहरा ढकना आवश्यक है।
  - बिल्डिंग गतिविधियों को बड़े समूहों तक सीमित करने के लिए संशोधित किया जाएगा।
- **मध्यावकाश:**
  - मध्यावकाश के समय चेहरा ढकना आवश्यक है।
  - विद्यार्थी छोटी “मास्क ब्रेक” लेने के लिए मास्क हटा सकते हैं, जब तक कि 6 फुट की सामाजिक दूरी रखी जा सके।

# हेल्थ स्क्रीनिंग/अनुप्रमाणन

Lake Washington School District

**यह प्रमाणित करने के लिए विद्यार्थियों और स्टाफ को हर सुबह स्वास्थ्य जांच पूरी करनी होगी कि उन्हें COVID-19 के कोई लक्षण नहीं हैं या वे उन लोगों के संपर्क में नहीं आए हैं, जिनका COVID-19 का टेस्ट पॉजिटिव आया है।**

प्रवेश के समय सभी व्यक्तियों का अनुप्रमाणन और/या स्क्रीनिंग, किसी भी ऐसे व्यक्ति के लिए डिस्ट्रिक्ट फैसिलिटीज तक पहुंच को सीमित करना है, जिसे COVID-19 के लक्षण हैं। इस प्रक्रिया पब्लिक इंट्रक्शन सुपरडेंट के ऑफिस (Office of Superintendent of Public Instruction) (OSPI), के साथ-साथ डिपार्टमेंट ऑफ लेबर एंड इंडस्ट्रीज (Department of Labor and Industries) (L&I) द्वारा आवश्यक किया गया है। (यदि जरूरत हो तो पेपर प्रतियां उपलब्ध हैं; स्वास्थ्य जांच वेबसाइट कई भाषाओं में उपलब्ध है)।


Lake Washington School District
FEBRUARY 2021
Risk and Safety Services

COVID19 Elementary Student Attestation Form
Supplemental Document for: COVID19 Supervisor, Attestation & Screening Coordinator

The Washington Departments of Health and Labor & Industries requires school districts to screen all students to determine if the student has COVID-19 or has been in close contact with an individual exposed to COVID-19.

STUDENT NAME ____ DATE ____

SCHOOL ____ GRADE/TEACHER ____

In the past 24 hours has your student experienced any of the following symptoms.

- Fever of 100.4 or above
- Cough
- Shortness of Breath or Difficulty Breathing
- Chills
- Loss of Taste or Smell
- Fatigue*
- Muscle Pain or Body Aches*
- Headache*
- Sore Throat*
- Congestion or Runny Nose*
- Nausea or Vomiting*
- Diarrhea*
- Other signs of new illness that are unrelated to a preexisting condition (such as seasonal allergies

*A short-term symptom – if a student has **only one** of these symptoms and the symptom begins and resolves in less than 24 hours **AND** no known COVID-19 exposure (close contact). A student can return to school the next day if the short-term symptom resolves. A COVID-19 test is not required.*

YES ____ NO ____

1. Has your student been in close contact with anyone with confirmed COVID-19? *Close contact includes; been within 6 feet of a person with COVID 19 for a combined total of 15 mins or more within a 24 hour period; **OR** live in the same household as a person with COVID-19; **OR** cared for a person with COVID-19; **OR** been in direct contact with saliva or other body secretions from a person with COVID-19.*
2. Does anyone in your household have COVID-19 like symptoms &/or is anyone in your household being tested for COVID-19?
3. Has your student had a positive COVID-19 test for active virus in the past 10 days?
4. Within the past 14 days, has a public health or medical professional told your student to self-monitor, self-isolate, or self-quarantine because of concerns about COVID-19?

**If you answer YES to any of these questions, stay home and contact your school.**

YES ____ NO ____

**If you answered yes to any of the above, please do not bring your child to school and follow the attendance policy.**

I attest that the responses regarding my child given above are true and accurate to the best of my knowledge.

Parent/Guardian Signature ____ Daytime Phone ____ Date ____

**इन कार्यों के लिए अधिक संदर्भ प्रदान करने हेतु नीचे, स्वास्थ्य स्क्रीनिंग और अनुप्रमाणन की परिभाषाएं दी गई हैं:**

- **स्क्रीनिंग** - जिस प्रक्रिया द्वारा व्यक्ति को किसी और (स्क्रीनर) द्वारा पूछा जाता है कि क्या उन्हें विशेष लक्षण हैं या क्या वे लक्षणों वाले किसी व्यक्ति के संपर्क में नहीं आए हैं यदि व्यक्ति सभी सवालों को जवाब नहीं में देता है, तो स्क्रीनर उनका तापमान चेक करता है। यदि उनका तापमान **100.4 से** कम होता है, तो वे फैसिलिटी में जा सकते हैं।
- **अनुप्रमाणन** – इस प्रक्रिया द्वारा व्यक्ति प्रमाणित (पुष्टि) करता है कि वे लक्षण-मुक्त हैं, लक्षणों वाले किसी व्यक्ति के संपर्क में नहीं आए हैं, और यह कि पिछले दो घंटों में उनका तापमान 100.4 से कम है। यह ज़बानी पूछताछ से, फार्म जमा करवाकर या नामावली पर हस्ताक्षर करवाकर किया जा सकता है।

उम्मीद है कि LWSD फैसिलिटीज में प्रवेश करने वाले सभी व्यक्ति जरूरी तौर पर पहले यह अनुप्रमाणन देंगे कि वे डिस्ट्रिक्ट की फैसिलिटी में प्रवेश करने से पहले OSPI और L&I द्वारा दिए गए मापदंड को पूरा करते हैं। इस प्रक्रिया को जल्दी से जल्दी सुगम बनाने के लिए पूर्वनिर्धारित क्षेत्र(त्रों) पर इस उद्देश्य के लिए, प्रत्येक LWSD फैसिलिटी में एक या अधिक स्टेशन होंगे।

- स्कूल में प्रवेश करने वाले सभी विद्यार्थियों के लिए आवश्यक है कि उन्होंने रोज़ाना विद्यार्थी अनुप्रमाणन फार्म जमा कराया हो या अनुप्रमाणन स्क्रीनर द्वारा स्क्रीनिंग प्रक्रिया पूरी की हो:
    - यदि एलिमेंटरी विद्यार्थी या गैर-मौखिक विद्यार्थी फार्म के बिना आते हैं, तो माता या पिता/अभिभावक को फोन किया जाएगा और उनके लिए फोन पर प्रमाणित करना आवश्यक होगा। उसके बाद विद्यार्थी को लॉग शीट पर "स्क्रीन्ड" के तौर पर दर्ज किया जाएगा।
    - विद्यार्थी बिना फार्म वाली आगंतुक सूची द्वारा, 15 मिनट से कम समय के लिए साइट पर (उदाहरण हेतु, सामग्रियां लेते हुए) प्रवेश कर सकते हैं।
    - सेकंडरी विद्यार्थी साइट पर फार्म पूरा कर सकते हैं, यदि उनके पास भरा हुआ फार्म न हो।
- COVID-19 के चिन्हों और लक्षणों को देखने के लिए स्टाफ विज़ुअल जांच या स्क्रीनिंग भी करेगा।
- यदि कोई विद्यार्थी या स्टाफ का सदस्य किसी भी तरह के COVID-19 जैसे लक्षण दर्शाता है, तो उसे घर पर रहने के लिए कहा जाएगा।
- स्टाफ के सदस्य, विद्यार्थियों के स्कूल पहुंचने पर उनका तापमान लेंगे।
- उन विद्यार्थियों के लिए क्वारंटाइन रूम (Q रूम) उपलब्ध होगा, जो स्कूल में पिक अप का इंतजार करते समय लक्षणों को अनुभव करते हैं।
- किसी भी गैर-COVID संबंधी समस्याओं के लिए, अलग स्वास्थ्य कमरा उपलब्ध होगा।

**अनुप्रमाणन फार्म (कई भाषाओं में), यहां LWSD की वेबसाइट: https://www.lwsd.org/attestation पर प्राप्त किए जा सकते हैं।**

# यातायात स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रोटोकॉल

Lake Washington School District

**इस समय, यातायात सेवाओं की हमारी पेशकश में कोई बदलाव नहीं होगा, हालांकि विशेष शिक्षा रूटों और ड्राईवरों की घटी संख्या के कारण सभी विद्यार्थियों को लाने-छोड़ने की हमारी क्षमता सीमित हो सकती है। यह निर्धारित करने के लिए K-5 के माता-पिता को एक सर्वेक्षण भेजा गया है कि किसकी अपने बच्चे को बस से स्कूल भेजने की योजना है और उस इनपुट के आधार पर रूट विकसित कि जाएंगे। हमें घटी हुई राइडरशिप की संभावना है, जो शारीरिक दूरी को सहयोग करेगी। यदि विद्यार्थियों की संख्या यातायात की हमारी क्षमता से अधिक होती है, तो समायोजनों पर विचार किया जा सकता है, जैसे पैदल चलने वाले ज़ोनों को बढ़ाना और रूटों को दुबारा प्रबंधित करना।**



## अनुप्रमाणन/स्क्रीनिंग

माता-पिता को विद्यार्थियों को बस स्टॉप भेजने से **पहले** बीमारी के लक्ष्णों के लिए उनका मूल्यांकन करना होगा। यदि उनका विद्यार्थी बीमार है, तो माता या पिता को स्कूल न भेजकर घर पर ही रखना होगा।

### सभी ड्राईवरों और विद्यार्थियों के लिए प्रोटोकॉल

- सभी बस ड्राईवरों को, COVID-19 संबंधी सुरक्षा प्रोटोकॉल्स का प्रशिक्षण दिया गया है।
- बस स्टॉप पर प्रतीक्षा करते समय विद्यार्थी मास्क पहनेंगे और शारीरिक दूरी बनाकर रखेंगे।
- बस में होने के समय मास्क आवश्यक हैं।
- पूरी तरह से हवादार बनाए रखने और हवा के प्रवाह का संचार बनाने के लिए, बस की सभी अगली और पिछली खिड़कियां और छत के सभी झोल खुले रखे जाएंगे - बस में जाने के लिए विद्यार्थियों को उपयुक्त पोशाक पहननी चाहिए।
- सुबह के समय, बस स्टॉप पर, विद्यार्थी बस के पिछले दरवाजे से चढ़कर, बस की अगली तरफ सीटों पर बैठेंगे।
- विद्यार्थियों को संभवतया अधिकतम शारीरिक दूरी बनाकर रखने के लिए हर सीट पर एक विद्यार्थी के अनुसार बैठना चाहिए। यदि विद्यार्थियों को सीट साझी करने की जरूरत हो, तो उन्हें हमेशा बैठे रहकर चेहरा सामने की तरफ रखना चाहिए।
- भाई-बहन/परिवार के सदस्यों को एक ही सीट पर इकट्ठे बैठना चाहिए।
- स्कूल में, ड्राईवर विद्यार्थियों को बैठे रहने के बारे में याद दिलाएगा। विद्यार्थी आगे से पीछे की तरफ बस से उतरेंगे।
- दोपहर में घर जाते समय, विद्यार्थी बस स्टॉप के आधार पर पीछे से आगे – पीछे में अंतिम बस स्टॉप, अगले में पहले बस स्टॉप के मुताबिक बस में चढ़ेंगे।
- बस में खाने-पीने की अनुमति नहीं है।
- विद्यार्थियों को बस में चढ़ते और उतरते समय शारीरिक दूरी बनाकर रखनी चाहिए।
- प्रत्येक बस में अधिक छूने वाली जगहें होंगी, जिनमें शामिल हैं, रूटों के बीच साफ की जाने वाली सीटें और हैंडल और रोज़ाना दिन के अंत में उन्हें स्प्रे-रोगाणुमुक्त किया जाएगा।

### बस में सवार बीमार विद्यार्थी

- यदि कोई विद्यार्थी बस में सवार होने के समय बीमार लगेगा, तो उसे विशेष पंक्ति में बिठाया जाएगा
- ड्राईवर स्कूल को सूचित करने के लिए डिस्पैच को फोन करेगा
- विद्यार्थी को पहुंचने पर क्वारंटाइन कमरे या Q रूम में भेज दिया जाएगा

### बस असाइनमेंट्स

- K-1 के लिए रूट्स के बारे में 16 फरवरी, 2021 तक माता-पिता से बात की जाएगी।
- इस बारे में जानकारी, यातायात की वेबसाइट https://www.lwsd.org/programs-and-services/transportation पर भी प्राप्त की जा सकती है.

# शारीरिक दूरी

Lake Washington School District **में सभी स्कूल, विद्यार्थियों और स्टाफ के लिए सुरक्षित शारीरिक स्थान बनाने के लिए कठोर परिश्रम कर रहे हैं। शारीरिक दूरी का खास वर्णन, स्कूल-दर-स्कूल अलग दिखाई दे सकता है, नीचे कुछ विवरण दिए गए हैं, जो स्कूल-दर-स्कूल एक जैसे होंगे:**




## कक्षा सेट-अप

- 6 फुट की शारीरिक दूरी को आसान बनाने के लिए उसी हिसाब से डेस्क लगाए जाएंगे।
- हम साझी सामग्रियों के उपयोग को सीमित करेंगे।
- 6-फुट ज़ोन के अंदर पारस्परिक क्रियाओं को कम करने के लिए शिक्षण को दुबारा डिज़ाइन किया जाएगा।

## अनुप्रमाणन/आगमन

- परिवार, आगमन और छुट्टी के बारे में स्कूल-विशिष्ट जानकारी प्राप्त करेंगे।
- जो माता-पिता/अभिभावक विद्यार्थियों को स्कूल छोड़ने आते हैं, उन्हें एक नियत छोड़ने/लेने का क्षेत्र दिया जाएगा और वे अपनी कारों में ही रहेंगे। शारीरिक दूरी सुनिश्चित करने के लिए नियत प्रवेश और निकास स्थानों को उपयोग किया जाएगा।

## मध्यावकाश

- मध्यावकाश में मास्क आवश्यक हैं।
- विद्यार्थी छोटी “मास्क ब्रेक” लेने के लिए मास्क हटा सकते हैं, जब तक कि 6 फुट की सामाजिक दूरी रखी जा सके।
- विद्यार्थियों को दल समूहों में रहते हुए शारीरिक दूरी के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।
- मध्यावकाश के बाद, विद्यार्थियों को आवश्यक तौर पर अपने हाथ धोने होंगे या हैंड सैनिटाइज़र का उपयोग करना होगा।

## स्नैक्स

- विद्यार्थी कक्षा में खानपान नहीं करेंगे।
- नियत समय के बाद खानपान की जरूरत वाले विद्यार्थी ऐसा, कक्षा के बाहर निगरानी वाले, नियत क्षेत्रों में करेंगे। विद्यार्थी शारीरिक दूरी बनाकर रखेंगे।
- विद्यार्थी नियत क्षेत्र में पहुंचने पर और ऐसा करने के लिए निर्देश दिए जाने पर ही अपने मास्क उतारेंगे। विद्यार्थी अपने मास्क को छूने से पहले हैंड सैनिटाइज़र का उपयोग करेंगे।
- जब विद्यार्थी अपना खान/पान कर लेंगे तो उन्हें हैंड सैनिटाइज़र का उपयोग करने और फिर दुबारा अपना मास्क पहनने के निर्देश दिए जाएंगे। कक्षा में लौटने से पहले विद्यार्थी अपने हाथ धोएंगे या हैंड सैनिटाइज़र का उपयोग करेंगे।
- यदि किसी विद्यार्थी का मास्क खराब हो जाता है या गलत जगह पर रखा जाता है, तो उनके पास अतिरिक्त मास्क होंगे।

## भोजन

- जो विद्यार्थी मुफ्त भोजन प्राप्त करना चाहते हैं, वे रोज़ाना छुट्टी के समय लंच और ब्रेकफास्ट वाला आसान पहुंच वाला बैग घर ले जा पाएंगे।

## गलियारे

- साइन बोर्ड, गलियारों और साझी जगहों पर 6 फुट की दूरी बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।
- ट्रांजिशन समय को किसी भी नियत समय पर गलियारों में विद्यार्थियों की संख्या सीमित करने के लिए क्रमबद्ध किया जाएगा।
- बिल्डिंगों में लगाए साइन बोर्ड भी, हाथ धोने, शारीरिक दूरी और चेहरा ढकने को बढ़ावा देंगे।
- संपूर्ण बिल्डिंगों में हैंड सैनिटाइज़र स्टेशन लगाए गए हैं।

# शारीरिक दूरी

Lake Washington School District

## बाथरूम

- बाथरूम कैपेसिटी सीमित होगी और जब कैपेसिटी पूरी हो जाए तो विद्यार्थियों को बाहर प्रतीक्षा करनी चाहिए।

## हाथ धोना

कीटाणुओं को फैलने से रोकने के लिए, Centers for Disease Control, हाथों को साफ करने के लिए साबुन व पानी से कम से कम 20 सेकंड तक हाथ धोने या कम से कम 60% अल्कोहल वाले हैंड सैनिटाइज़र का उपयोग करने की सिफारिश करता है। हैंड सैनिटाइज़र, हाथ धोने की सही विधियों की जगह नहीं है।

- विद्यार्थियों और स्टफ को बिल्डिंग में प्रवेश करने पर हाथ धोने होंगे या सैनिटाइज़ करने होंगे और उन्हें पूरा दिन बार-बार हाथ धोने और/अथवा सैनिटाइज़ करने के लिए कहा जाएगा।




## सैनिटेशन

- हमने अधिक छुए जाने वाले क्षेत्रों में रोज़ाना सैनिटेशन को बढ़ा दिया है, जैसे दरवाजे के हैंडल, नल और रेलिंग्स।
- हम पूरे स्कूल में हैंड सैनिटाइज़र स्टेशन प्रदान कर रहे हैं। हमारे बिल्डिंगों में से किसी एक में सक्रिय COVID-19 केस होने की स्थिति में, हम गहन सफाई के लिए इलेक्ट्रोस्टेटिक स्प्रेयर्स का इस्तेमाल करेंगे। (इलेक्ट्रोस्टेटिक स्प्रे में ऐसे घोल का उपयोग होता है, जो स्प्रेयर के अंदर इलेक्ट्रोड के द्वारा हवा और परमाणुओं का मेल होता है। स्प्रे में पॉजिटिव रूप से चार्ज कण होते हैं, जो सतहों और वस्तुओं से बेहद तीव्रता से जुड़ने के योग्य होते हैं।)

## हवा का संचार

- ताज़ी हवा के प्रवाह को प्रत्येक बिल्डिंग में बढ़ाया जाएगा।
- पूरे डिस्ट्रिक्ट में सभी एयर फिल्टरों को इस्तेमाल से पहले बदला जाएगा और वे कम से कम MERV-10 की रेटिंग वाले होंगे।

## आगंतुक

- केवल जरूरी माने जाने वाले आगंतुकों ही प्रवेश दिया जाएगा।
- व्यक्तिगत शिक्षण के दौरान, माता-पिता और अभिभावकों को कैंपस में आने की अनुमति नहीं है।
- केवल जरूरी वस्तुएं देने की ही अनुमति है, जैसे दवाई।
- गैर-महत्वपूर्ण मानी जाने वाली वस्तुएं देना प्रतिबंधित है (इंस्ट्रूमेंट्स, होमवर्क, प्रोजेक्ट्स आदि)


## स्वयंसेवी

- हमारे स्कूलों में स्टाफ के सदस्य द्वारा निवेदन की किसी जरूरी व्यक्तिकत स्वयंसेवा के लिए, स्वयंसेवी:
  - मंज़ूरी प्राप्त LWSD स्वयं सेवक होना आवश्क है,
  - उसे बिल्डिंग में जाने के लिए उसी अनुप्रमाणन प्रक्रिया/स्क्रीनिंग प्रक्रिया से गुजरना होगा, जो स्टाफ के लिए आवश्यक है, और
  - उसे हमेशा मास्क पहनने सहित, सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल्स का पालन करना होगा और शारीरिक दूरी संबंधी शर्तों को पूरा करना होगा।

# COVID-19 लक्ष्णों संबंधी निर्देश

## Centers for Disease Control (CDC) के मुताबिक सबसे आम लक्ष्ण हैं:

- 100.4 या इससे अधिक बुखार
- खांसी
- रुक-रुक कर सांस आना या सांस लेने में मुश्किल
- कंपकंपी
- थकान
- मांसपेशियों में दर्द या शरीर में दर्द
- सिरदर्द
- स्वाद या गंध महसूस न होना
- गले में दर्द
- नाक घुटना या नाक बहना
- जी मिचलाना या उल्टी
- दस्त और/अथवा
- नई बीमारी के अन्य लक्ष्ण, जो पहले से मौजूद स्थिति से संबंधित न हों।




**प्रमाणित COVID-19 केस के ज्ञात संपर्क के <u>बिना</u> वाले बीमार व्यक्ति, जो COVID-19 के लक्ष्णों का अनुभव कर रहे हैं:**

- यदि COVID-19 टेस्ट नहीं हुआ है - तो बुखार ठीक होने (बिना दवाईयां लिए) और लक्ष्णों में सुधार होने के बाद 24 घंटे तक और पहली बार लक्ष्णों के प्रकट होने से लेकर 10 दिन बीतने तक घर पर ही रहें। कृपया इस बारे में मार्गदर्शन के लिए स्कूल नर्स से संपर्क करें कि स्कूल कब वापस लौटना है।
- यदि COVID-19 नेगेटिव हो - तो बुखार ठीक होने (बिना दवाईयां लिए) और लक्ष्णों में सुधार होने के बाद 24 घंटे तक घर पर रहें। कृपया इस बारे में मार्गदर्शन के लिए स्कूल नर्स से संपर्क करें कि स्कूल कब वापस लौटना है।

**प्रमाणित COVID-19 केस के ज्ञात संपर्क <u>वाले</u> बीमार व्यक्ति, जो COVID-19 के लक्ष्णों का अनुभव कर रहे हैं:**

- प्रमाणित COVID-19 केस के साथ संपर्क में आने के बाद 14 दिनों तक घर ही रहें।
- बुखार ठीक होने और लक्ष्णों में सुधार होने के बाद 24 घंटे तक और पहली बार
- लक्ष्णों के प्रकट होने से लेकर 10 दिन बीतने तक घर पर ही रहें।
- जो लोग बीमार हैं और उनका COVID-19 पीड़ित व्यक्ति से ज्ञात संपर्क है, उन्हें अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से संपर्क करके टेस्ट करवाना चाहिए।

## यदि आप बीमार हैं, तो कृपया घर पर ही रहें।

यदि आपके कोई सवाल हैं, तो कृपया अपने स्कूल से संपर्क करें।

- माता-पिता/अभिभावक और विद्यार्थी - किसी भी सवालों के लिए अपनी स्कूल नर्स से बात करें।
- किसी भी सवालों के लिए स्टाफ अपनी बिल्डिंग के COVID-19 सुपरवाइजर या बिल्डिंग प्रशासक के साथ मिलकर काम करेगा।
- जब संदेह हो, तो तब तक घर पर रहें, जब तक कि आप काम या स्कूल लौटने के लिए ठीक न हो जाएं।

**यदि आप काम या स्कूल से बाहर बीमार हुए हैं और COVID-19 का आपका टेस्ट पॉजिटिव आया है, तो कृपया तुरंत स्कूल को सूचित करें.**



**हमारे स्कूलों में COVID-19 के प्रमाणित केस हो सकते हैं। डिस्ट्रिक्ट की एक योजना है, जो डिस्ट्रिक्ट के प्रशासकों को प्रतिक्रिया करने के लिए टूल्स प्रदान करती है।**

**यदि विद्यार्थी या स्टाफ का COVID-19 का निदान हुआ हो, तो उस बिल्डिंग के COVID-19 सुपरवाइजर को सूचित किया जाना आवश्यक है। सूचित करने के बाद, COVID-19 सुपरवाइजर पॉजिटिव केस को लेकर डिस्ट्रिक्ट की नीतियों का पालन करने के लिए निम्निलिखित कार्य करेगा:**

1. कर्मचारी/विद्यार्थी के साथ पूरा किया COVID-19 पॉजिटिव केस इनटेक फार्म (मेडिकल कोआर्डिनेटर पूरे किए फार्म की प्रति प्राप्त करेगा)।
2. बिल्डिंग की COVID-19 सुरक्षा टीम को सचेत करना:
    a. मेडिकल कोआर्डिनेटर
        i. COVID19 सुपरवाइजर से पूरे किए COVID19 पॉजिटिव केस इनटेक फार्म की समीक्षा करना
        ii. यह सुनिश्चित करना कि सभी आवश्यक टेम्पलेट पत्र भेज दिए गए हैं
        iii. परिवारों और स्टाफ के लिए स्कूल वापसी संबंधी जानकारी फार्म का उपयोग करते हुए स्कूल/कार्य वापसी योजना तैयार करता है
    b. कस्टोडियल कोआर्डिनेटर
        i. यह सुनिश्चित करता है कि सफाई संबंधी प्रोटोकॉल सक्रिय हैं
    c. साइनेज कोआर्डिनेटर
        i. सफाई की जरूरत वाले क्षेत्रों को घेरा डालकर बंद करता है
        ii. आवश्यक साइन बोर्ड लगाता है
3. अलर्ट ECC कोआर्डिनेटर
    a. कार्य आदेशों और चेतावनियों पर काम शुरू करता है
    b. संपूर्ण प्रतिक्रिया के दौरान सवालों के जवाब देता है और सहयोग प्रदान करता है
    c. अलर्ट लेवल डायरेक्टर - बिल्डिंग संचालन संबंधी सहयोग प्रदान करता है
4. संचालन संबंधी और/अथवा निर्देशात्मक प्रभावों का मूल्यांकन करने के लिए मशविरा मीटिंग में हिस्सा लेना।

## संदिग्ध केस

COVID-19 के संदिग्ध केस को ऐसे व्यक्ति के तौर पर परिभाषित किया जाता है, जो COVID-19 के लक्षण दर्शाता है और उसका टेस्ट नहीं किया गया है या टेस्ट परिणाम की प्रतीक्षा कर रहा है। यदि COVID-19 के संदिग्ध केस के बारे में किसी के द्वारा सूचित किया गया हो या संदिग्ध केस/संपर्क की अफवाह की सूचना दी गई हो, तो COVID-19 सुपरवाइजर सच्चाई को जानने के लिए सीधे उस व्यक्ति से बात करेगा। यदि संदिग्ध केस रिपोर्ट सही हो, तो COVID-19 सुपरवाइजर, COVID-19 के लक्षणों के वाले विद्यार्थियों/स्टाफ को संभालने के लिए जांचसूची का अनुसरण करेगा। यदि संदिग्ध केस रिपोर्ट सही नहीं हो, तो COVID-19 सुपरवाइजर, उन पक्षों को वह जानकारी भेजेगा, जिन्होंने संदिग्ध केस की सूचना दी थी।

**कोई भी व्यक्ति, जिसे लक्षण हैं और उसका टेस्ट नहीं हुआ है, उसे नीचे दिए समय तक घर पर ही रहना चाहिए और दूसरों से दूर रहना चाहिए:**

- लक्षणों के शुरू होने से लेकर कम से कम 10 दिनों तक
- और बुखार ठीक होने (बुखार कम करने की दवाई लिए बिना)
- और लक्षणों में सुधार होने के 24 घंटे बाद।
- जब स्कूल के मेडिकल कोआर्डिनेटर द्वारा स्कूल या काम पर वापसी के लिए मंज़ूरी दी गई हो।

**कोई भी व्यक्ति, जिसे लक्षण हैं और उसका COVID-19 का टेस्ट हुआ हो और उसका परिणाम नेगेटिव हो, वह इस समय बाद लौट सकता है:**

- और बुखार ठीक होने (बुखार कम करने की दवाई लिए बिना)
- और लक्षणों में सुधार होने के 24 घंटे बाद।
- जब स्कूल के मेडिकल कोआर्डिनेटर द्वारा स्कूल या काम पर वापसी के लिए मंज़ूरी दी गई हो।

## विद्यार्थी, परिवार और स्टाफ की बातचीत

Lake Washington School District, व्यक्तियों की निजता का सम्मान करते हुए, स्कूल और डिस्ट्रिक्ट की फैसिलिटीज को प्रभावित करने वाले COVID पॉजिटिव केसों के बारे में स्टाफ और परिवारों को सूचना देते रहने का प्रयास करेगा।

- प्रत्येक पॉजिटिव COVID केस के लिए, निकट संपर्क के बारे में फोन (LWSD और स्वास्थ्य विभाग) और पत्र द्वारा सूचित किया जाएगा।
- निकट संपर्कों को गोपनीय, निजी सूचना देने के बाद, Public Health Seattle & King County के निर्देश मुताबिक अतिरिक्त संचार किया जाएगा।

## बिल्डिंग/संचालन संबंधी प्रतिक्रिया

Lake Washington School District ने प्रत्येक स्कूल और बिल्डिंग में रोगाणुमुक्त करने का कोआर्डिनेटेड प्रोटोकॉल लागू किया है। यदि ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है, जिसमें पॉजिटिव COVID-19 केस की पहचान होती है, और कार्यस्थल के साथ संपर्क रहा है, तो अतिरिक्त कार्रवाई पर विचार किया जाएगा, जिसमें निम्निलिखित को शामिल किया जाएगा:

- रोगाणुमुक्त करने का निरंतर कार्यान्वयन।
- लक्षित रूप से बंद करना - रोगाणुमुक्त करने के प्रोटोकॉल्स के पूरा होने तक प्रभावित क्षेत्रों को बंद करना
- छोटी- या लंबी-अवधि के लिए बंद करना - पब्लिक हेल्थ अधिकारियों के साथ सलाह करके निर्णय लिया जाएगा (ऐसा बहुत कम होगा)।

## क्वारंटाइन प्रभाव

Lake Washington School District, पॉजिटिव COVID-19 निदान होने की स्थिति में, स्वास्थ्य विभाग के आवश्यक संपर्क ट्रेसिंग और क्वारंटाइन उपायों का पालन करेगा। इसके परिणामस्वरूप विद्यार्थियों और थोड़े स्टाफ को व्यक्तिगत शिक्षण वातावरण में लाया या बाहर रखा जा सकता है, जैसा भी हमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्देश दिया जाएगा।


आपको याद दिला दें कि, जैसा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा आवश्यक है, जब विद्यार्थी या स्टाफ के सदस्य को पॉजिटिव COVID-19 निदान प्राप्त होता है, तो निकट संपर्क की जांच शुरू की जाएगी। संक्रमित व्यक्ति के निकट संपर्क में आने के लिए निर्धारित विद्यार्थियों के माता-पिता को फोन के द्वारा सूचित किया जाएगा और विद्यार्थी को 14 दिनों तक क्वारंटाइन होना होगा। इस बारे में निर्धारण केस-दर-केस आधार पर किए जाएंगे कि शैक्षणिक प्रोग्राम को कैसे जारी रखा जाए।

स्वास्थ्य विभाग की सलाह पर स्कूल पूर्णरूप से बंद किया जाएगा। स्कूल व्यक्तिगत स्कूल में बदलावों के बारे में जल्दी से जल्दी परिवारों को सूचित करने का हर संभव प्रयास करेगा।

# मदद एवं सहयोग

**परिवारों की चिंताओं पर बेहतर ध्यान देने के लिए, हमारी सलाह है कि स्थिति के निकटतम लोगों के साथ शुरू करें, उस व्यक्ति के साथ, जिसके पास अधिकतम जानकारी हो। हमारा लक्ष्य है कि चिंता के निकटतम अध्यापक या स्टाफ के सदस्य के साथ, पहले स्तर पर ही समस्या का समाधान हो, ताकि समस्या को जल्दी और सम्मानपूर्ण तरीके से सुलझाया जा सके।**

यदि अतिरिक्त लोगों को समाधान तक पहुंचने की जरूरत है, संचार श्रृंखला को आगे बढ़ाएं:




## अतिरिक्त संसाधन:

- LWSD की वेबसाइट– www.lwsd.org/pathway-forward
- LWSD प्रगति करना योजना बारे अकसर पूछे जाने वाले सवाल (FAQ): https://www.lwsd.org/pathway-forward/pathway-forward-faq
- Centers for Disease Control (CDC) की वेबसाइट: https://www.cdc.gov/coronavirus/2019-nCoV/index.html
- Public Health | Seattle & King County की वेबसाइट: https://www.kingcounty.gov/depts/health/covid-19.aspx
- Washington State Department of Health: K-12 स्कूलों के लिए टूलकिट: https://www.doh.wa.gov/Portals/1/Documents/1600/coronavirus/DecisionTree-K12schools.pdf

Lake Washington School District अपने प्रोग्रामों और गतिविधियों, जाति, रंग, राष्ट्रीय मूल, लिंग, विकलांगता, उम्र, लिंग, वैवाहिक स्थिति, नसल, धर्म, सम्मानपूर्वक सेवामुक्त हुए सैनिक, सेना स्थिति, यौन निर्धारण, लिंग अभिव्यक्ति, लिंग पहचान, किसी भी संवेदी, मानसिक या शारीरिक विकलांगता होने, या विकलांग व्यक्ति द्वारा प्रशिक्षित गाइड कुत्ता या सर्विस जानवर रखने के आधार पर भेदभाव नहीं करता और ब्वाय स्काउट्स और अन्य नियत युवा समूहों को समान पहुंच प्रदान करता है। कथित भेदभाव के सवालों और शिकायतों को निपटाने के लिए, निम्निलिखित कर्मचारियों को नियत किया गया है:

| सिविल राइट्स कोआर्डिनेटर | टाइटल IX कोआर्डिनेटर | सेक्शन 504/ADA कोआर्डिनेटर |
|---|---|---|
| Executive Director of Human Resources<br><br>16250 NE 74th Street<br>Redmond, WA 98052<br>425-936-1266<br>civilrights@lwsd.org | Director of Athletics & Activities<br>16250 NE 74th Street<br>Redmond, WA 98052<br>425-936-1367<br>titleix@lwsd.org | Director of Special Services<br>16250 NE 74th Street<br>Redmond, WA 98052<br>425-936-1407<br>section504@lwsd.org |